# खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) 2006 प्रश्नपत्र का व्याख्यात्मक हल
# (Exam Date-25 May 2008)

प्रश्न. भूदान आंदोलन के प्रवर्तक कौन थे?

(A) महात्मा गाँधी (B) जय प्रकाश नारायण
(C) स्वामी विवेकानन्द (D) विनोबा भावे

उत्तर- D

व्याख्या: भूदान आंदोलन के प्रवर्तक विनोबा भावे थे।

- विनोबा भावे ने 18 अप्रैल 1951 में आन्ध्र प्रदेश के पोचमपल्ली से शुरुआत की। इस आंदोलन का उद्देश्य भूमि का पुनर्वितरण करना, गाँधी के रचनात्मक कार्यों, तकनीकों तथा ट्रस्टीशिप जैसे विचारों के द्वारा सामाजिक परिवर्तन लाना था।
- 1955 में भूदान का नया रूप ग्रामदान आया।

प्रश्न. भारत-पाक के मध्य शिमला समझौता जिस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ, वह था ?

(A) 1972 (B) 1973
(C) 1974 (D) 1975

उत्तर- A

व्याख्या: भारत तथा पाकिस्तान के मध्य शिमला समझौता 2 जुलाई 1972 को इंदिरा गाँधी के प्रयासों से हुआ।

- 11 जनवरी, 1966 को भारत-पाकिस्तान के मध्य ताशकंद समझौता,
- 9 अगस्त 1971 में शांति, मैत्री एवं सहयोग के लिए ऐतिहासिक भारत-सोवियत समझौता,
- 2 जुलाई, 1972 को भारत-पाकिस्तान के मध्य शिमला समझौता तथा
- वर्ष 1975 में भारत-बांग्लादेश के मध्य फरक्का बैराज समझौता हुआ था।

प्रश्न. निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में जिसकी स्थापना 1916 में हुई, वह है ?

(A) कलकत्ता विश्वविद्यालय (B) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(C) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (D) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

उत्तर- C

व्याख्या: 1916 ई. मे बनारस विश्वविद्यालय की स्थापना पं मदन मोहन मालवीय के प्रयासों से हुआ।

- 1913 ई. की शिक्षा सम्बन्धी नीति एवं 1917 ई. के सैडलर आयोग के सुझावों के बाद 1916 में मैसूर विश्वविद्यालय, 1917 में पटना विश्वविद्यालय, 1918 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, 1920 में अलीगढ़ विश्वविद्यालय एवं 1921 में लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

प्रश्न. उन्होंने कांग्रेस के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता की। सूरत-फूट के बाद उन्होंने उदारवादियों का नेतृत्व किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका पहुंच कर गाँधीजी के साथ महत्वपूर्ण सेवा की। उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना की।
निम्नलिखित व्यक्तियों में जिस पर उपर्युक्त कथन चरितार्थ होते हैं, वह है ?

(A) दादाभाई नौरोजी (B) फिरोजशाह मेहता
(C) महादेव गोविन्द रानाडे (D) गोपाल कृष्ण गोखले

उत्तर- D

व्याख्या: गोपाल कृष्ण गोखले ने 1905 के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता की।

- गोपाल कृष्ण गोखले उदारवादी नेता थे 1907 सूरत फूट के बाद उदारवादियों का नेतृत्व किया था।
- बनारस अधिवेशन में गोखले को 'विपक्ष के नेता' की उपाधि दी गई।
- गोखले को गाँधीजी ने अपना राजनीतिक गुरू कहा था।
- 1915 में गोखले की मृत्यु हुई।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न.  नमक सत्याग्रह के दौरान गाँधीजी के गिरफ्तार हो जाने पर, आन्दोलन के नेतृत्व का भार जिन्होंने सम्भाला, वह थे ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) सरदार पटेल
(C) अबुल कलाम आजाद (D) अब्बास तैयब जी

उत्तर- D

व्याख्या: नमक सत्याग्रह 1930 के दौरान गाँधीजी के गिरफ्तार हो जाने पर आंदोलन का नेतृत्व अब्बास तैयब जी ने किया।

- सविनय अवज्ञा आन्दोलन (1930-31 ई.) के अन्तर्गत नमक कानून तोड़ने के उद्देश्य से महात्मा गांधी ने 12 मार्च 1930 ई. को 78 अनुयायियों के साथ साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से दांडी (नौसारी जिला, गुजरात) तक पैदल मार्च किया।
- 05 अप्रैल, 1930 को वह दांडी पहुँचे तथा 06 अप्रैल, 1930 को दांडी में नमक बनाकर अंग्रेजों के कानून की अवज्ञा की जिसके साथ ही सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारंभ हो गया।
- बम्बई के धरसाना में सरोजिनी नायडू, उ. प्र. सीमा प्रांत में अब्दुल गफ्फार खाँ तथा पूर्वोत्तर भारत मणिपुर में गैडिनल्यू ने दाण्डी मार्च का नेतृत्व किया।
- 30 जनवरी, 2019 को डांडी (गुजरात) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'राष्ट्रीय नमक सत्याग्रह स्मारक' का उद्घाटन किया गया।

www.examstocks.com

प्रश्न.  सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके, सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (अणु)** | **सूची-II (तत्व)** |
|---|---|
| A. विटामिन $B_{12}$ | 1. मैग्नीशियम |
| B. हेमोग्लोबिन | 2. कोबाल्ट |
| C. क्लोरोफिल | 3. कापर |
| D. चाल्कोपायराइ | 4. आयरन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

उत्तर- A

व्याख्या:

| | |
|---|---|
| विटामिन $B_{12}$ | कोबाल्ट |
| हीमोग्लोबिन | आयरन |
| क्लोरोफिल | मैग्नीशियम |
| चाल्कोपायराइट | कापर |

प्रश्न. निम्नलिखित देशों में किसकी सीमा अफगानिस्तान से नहीं मिलती है?

(A) उजबेकिस्तान (B) तजाकिस्तान
(C) रूस (D) तुर्कमेनिस्तान

उत्तर- C

व्याख्या: अफगानिस्तान की सीमा निम्नलिखित देशों से लगती है –
पाकिस्तान, भारत, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, उजबेकिस्तान, तजाकिस्तान

- उजबेकिस्तान की सीमा से लगने वाले देश –कज़ाकस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान
- लाओस की सीमा से लगने वाले देश-चीन, वियतनाम, कम्बोडिया, थाइलैण्ड, म्यांमार

प्रश्न. विश्व की सबसे गहरी झील है ?

(A) टीटीकाका (B) विक्टोरिया
(C) बैकाल (D) मृत सागर

उत्तर- C

व्याख्या: विश्व की सबसे गहरी झील – बैकाल

- विश्व की सबसे बड़ी खारे पानी की झील – कैस्पियन सागर
- विश्व की सबसे ऊँची झील – टिटिकाका
- विश्व की सबसे खारी झील – वान झील
- विश्व की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील – सुपीरियर
- विश्व की दूसरी सबसे गहरी झील – टांगानिका झील

प्रश्न. निम्नांकित अफ्रीकी देशों की दक्षिण से उत्तर की ओर की सही स्थिति का क्रम क्या है?

A. नाइजीरिया B. दक्षिण अफ्रीका
C. तंजानिया D. अल्जीरिया

कूट:

(A) B, C, A, D (B) A, B, C, D
(C) B, D, C, A (D) B, C, D, A

उत्तर- A

व्याख्या: अफ्रीकी देशों का दक्षिण से उत्तर की ओर क्रम -

- दक्षिण अफ्रीका – बोत्सवाना – जिम्बाब्वे – जाम्बिया – तंजानिया – यूगाण्डा – साऊथ सूडान – सूडान – नाइजीरिया - अल्जीरिया

प्रश्न. निम्नलिखित में कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) भील – राजस्थान
(B) संथाल – झारखण्ड
(C) खासी – सिक्किम
(D) टोडा - तमिलनाडु

उत्तर- C

व्याख्या: खासी जनजाति मेघालय में निवास करती है.

| | |
|---|---|
| भील – राजस्थान | लिम्बू – सिक्किम |
| संथाल – झारखण्ड | चकमा - असम |

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

| | |
|---|---|
| खासी – मेघालय | ओरांग - त्रिपुरा |
| टोडा – तमिलनाडु | रियांग - मिजोरम |
| सिंगफो – अरुणाचल प्रदेश | |

प्रश्न. निम्नांकित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
(A) अनुच्छेद 79 – संसद का गठन
(B) अनुच्छेद 226 – धन विधेयक की परिभाषा
(C) अनुच्छेद 153 – राज्यों के राज्यपाल
(D) अनुच्छेद 124 – सर्वोच्च न्यायालय

उत्तर- B

व्याख्या: भारतीय संविधान अनुच्छेद 226 में कुछ रिट निकालने की उच्च न्यायालय की शक्ति का वर्णन है.

- अनुच्छेद 110 – धन विधेयक की परिभाषा
- अनुच्छेद 109 – धन विधेयक
- अनुच्छेद 112 – वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट)
- अनुच्छेद 123 – राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति
- अनुच्छेद 155 – राज्यपाल की नियुक्ति
- अनुच्छेद 108 – दोनों सदनो की संयुक्त बैठक

प्रश्न. छत्तीसगढ़ राज्य का गठन जिसके विभाजन से सम्पन्न हुआ, वह है ?
(A) महाराष्ट्र
(B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश
(D) बिहार

उत्तर- C

व्याख्या: 1 नवम्बर 2000 मध्य प्रदेश से काटकर – छत्तीसगढ़ नया राज्य बनाया गया

- 9 नवम्बर 2000 उत्तर प्रदेश को काटकर – उत्तराखण्ड नया राज्य बनाया गया
- 15 नवम्बर 2000 बिहार को काटकर – झारखण्ड राज्य बनाया गया

**राज्यों के निर्माण वर्ष-**

| **राज्य** | **गठन वर्ष** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1953 |
| केरल, कर्नाटक | 1956 |
| नागालैंड | 1962 |
| हरियाणा | 1966 |
| हिमाचल प्रदेश | 1970 |
| मेघालय | 1971 |
| सिक्किम | 1975 |
| मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश | 1886 |
| गोवा | 1987 |
| छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, झारखण्ड | 2000 |
| तेलंगाना | 2014 |

विशेष- वर्तमान में भारत में 28 राज्य और 9 केंद्र शासित प्रदेश हैं, 31 अक्टूबर 2019 से जम्मू-कश्मीर (विधान सभा सहित) एवं लद्दाख (विधानसभा रहित) भारत के 2 नए केंद्र शासित प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुके हैं।

प्रश्न. राष्ट्रपति लोक सभा में किस सीमा तक आंग्ल-भारतीय समुदाय के सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं?
(A) 3 से अनधिक
(B) 2 से अनधिक

www.examstocks.com

**Downloaded from www.examstocks.com**
**Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks**

(C) 5 से अनधिक
(D) 4 से अनधिक

उत्तर- B

व्याख्या: 331 अनुच्छेद – राष्ट्रपति लोकसभा में 2 आंग्ल-भारतीय को मनोनीत करता है।

प्रश्न. निम्नलिखित में कौन अनन्य रूप से प्रशासकीय तंत्र से संबंधित थी?
(A) पाल एपिलबी रिपोर्ट
(B) सन्तानम् समिति रिपोर्ट
(C) सरकारिया आयोग रिपोर्ट
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

उत्तर- C

व्याख्या: सरकारिया आयोग का गठन केन्द्र तथा राज्य संबंधों को सुधारने तथा राज्य की स्वायत्ता सम्बन्धी मांगो की सिफारिश के लिए हुआ था।

- केन्द्र-राज्य सम्बन्धों पर समय-समय पर विभिन्न आयोग-समितियों का गठन किया गया, जैसे- राजमन्नार समिति (1969), सरकारिया आयोग (1983) तथा एम.एम. पुंछी आयोग (2007)

पुंछी आयोग– केन्द्र-राज्य के मतभेदों को दूर करने के लिए 2007 में मदन मोहन पुंछी की अध्यक्षता में आयोग का गठन हुआ।

प्रश्न. निम्न प्रकार के वृक्षों में सामाजिक वानिकी हेतु किसके रोपण को प्रोत्साहित किया जाता है?
(A) फल उत्पादक
(B) ईंधन उत्पादक
(C) चारा उत्पादक
(D) बहु उपयोगी

उत्तर- D

व्याख्या: सामाजिक वानिकी (1976) कार्यक्रम के तहत ईंधन, चारा, लकड़ी, फलदार पेड़ तथा छोटे-मोटे वन उत्पादों की पूर्ति करने वाले बहु उपयोगी वृक्ष को लगाने पर जोर दिया गया।

- सामाजिक वानिकी और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना संस्थान-प्रयागराज

उत्तर प्रदेश में वनों से सम्बंधित महत्वपूर्ण योजनायें-

- सामाजिक वानिकी योजना 1976 में प्रारंभ हुई थी।
- उ.प्र. वानिकी परियोजना मार्च 1998 में प्रारंभ हुई थी।
- हरित पट्टी विकास योजना 2012-13 में प्रारंभ हुई थी।
- आपरेशन ग्रीन योजना 2001 में प्रारंभ हुई थी।
- टोटल फॉरेस्ट कवर योजना 2014-15 में प्रारंभ हुई थी।

प्रश्न. निम्नांकित राज्यों को उनमें अनुसूचित जनजातियों की आबादी के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए, और नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :-

A. हिमाचल प्रदेश　　B. उत्तर प्रदेश
C. केरल　　D. तमिलनाडु

कूट :
(A) C, B, A, D
(B) B, D, C, A
(C) D, B, A, C
(D) C, D, A, B

उत्तर- C

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

व्याख्या: अनुसूचित जनजातियों की आबादी का आरोही क्रम जनगणना 2011 के अनुसार – मध्यप्रदेश – महाराष्ट्र – ओडिशा – राजस्थान – गुजरात

- अनुसूचित जनजातीय प्रतिशतता सर्वाधिक पंजाब (31.9%) में है।
- भारत की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का प्रतिशत 8.6 है।

उत्तर प्रदेश की जनजातियां

- भारत की कुल अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का 1.09 प्रतिशत भाग उत्तर प्रदेश में पाया जाता है।
- उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति का प्रतिशत 2011 की जनगणना के अनुसार 0.6% है।
- उत्तर प्रदेश के जालौन और फैजाबाद जिलों में एक भी जनजाति नहीं पाई जाती है।

सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले जिले

1. सोनभद्र , 2. बलिया, 3. देवरिया

न्यूनतम अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले जिले

1. बागपत 2. कन्नौज 3. बदायूं

सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या प्रतिशत वाले जिले

1. सोनभद्र -20.7% 2. ललितपुर -5.9% 3. देवरिया -3.5%

- उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति में लिंगानुपात -951

प्रश्न. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के कितने सदस्य मनोनीत किए जा सकते हैं?

(A) 8 (B) 10
(C) 12 (D) 14

उत्तर- C

व्याख्या: अनुच्छेद 80 के तहत राज्यसभा का गठन किया गया है।

- राष्ट्रपति राज्यसभा में कला, साहित्य विज्ञान व समाजसेवा क्षेत्रों के 12 व्यक्तियों को मनोनीत करता है।
- वर्तमान में राज्यसभा में 245 सदस्य है जिनकी संख्या, अधिकतम 250 हो सकती है।
- 12 सदस्य को राष्ट्रपति मनोनीत करता है शेष 238 सदस्य निर्वाचित होते है।
- वर्तमान में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्यों की संख्या सर्वाधिक (31) है।
- अनुच्छेद- 331 के तहत राष्ट्रपति लोकसभा में 2 आंग्ल-भारतीय को (पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने पर) मनोनीत करता है।

प्रश्न. संविधान का कौन सा अनुच्छेद बच्चों के शोषण का निषेध करता है?

(A) 19 (B) 17
(C) 23 (D) 24

उत्तर- D

व्याख्या: अनुच्छेद- 24 बच्चों के शोषण का निषेध करता है इसमें ये प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक को कारखाने या खान में नियोजित नहीं किया जाएगा।

**समता का अधिकार**

- अनुच्छेद 14 (विधि के समक्ष समता)
- अनुच्छेद 15 (धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध)
- अनुच्छेद 16 (लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता)
- अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का अंत)
- अनुच्छेद 18 (उपाधियों का अंत)
- स्वातंत्रय–अधिकार
- अनुच्छेद 19 (वाक्–स्वातंत्र्य आदि विषयक कुछ अधिकारों का संरक्षण)
- अनुच्छेद 20 (अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण)
- अनुच्छेद 21 (प्राण और दैहिक स्वतन्त्रता का संरक्षण)
- शोषण के विरुद्ध अधिकार
- अनुच्छेद 23 (मानव के दुर्व्यापार और बलात्श्रम का प्रतिषेध)
- अनुच्छेद 24 (कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध)

प्रश्न. निम्नलिखित में मीन (Fish) कौन सी है?

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

(A) क्रे फिश (B) फ्लाइंग फिश
(C) सिल्वर फिश (D) कटल फिश

उत्तर- B

व्याख्या:

| **वास्तविक मीन** | **अवास्तविक मीन** |
|---|---|
| फ्लाइंग फिश | कटल फिश |
| कैट फिश | क्रे फिश |
| समुद्री घोड़ा | सिल्वर फिश |
| | स्टार फिश |
| | जेली फिश |
| | हेग फिश |
| | रेजर फिश |

प्रश्न. दांत कर्बुरित (Mottling) हो जाते हैं जब पेय जल में प्रचुर मात्रा में रहती/रहता है ?
(A) फ्लोरीन (B) क्लोरीन
(C) मर्करी (D) ज़िंक

उत्तर- A

व्याख्या: दांत कर्बुरित/Mottling की समस्या फ्लोरीन युक्त पानी फ्लोराइड वाले टूथपेस्ट तथा फ्लोरीन की अधिक मात्रा के प्रयोग से होता है।

- क्लोरीन- पानी को साफ करने तथा विरंजक के रूप में प्रयोग किया जाता है।
- मर्करी – पारे का अयस्क, कीटाणुनाशकों के निर्माण में प्रयोग किया जाता है।
- जिंक – ऊष्मा तथा विद्युत सुचालक। लोहे पर गैल्वेनाइजेशन में प्रयुक्त
- जिंक फास्फाइड – चूहा का विष के रूप में उपयोग होता है।
- सिल्वर आयोडाइड – कृत्रिम वर्षा कराने में उपयोगी
- रेडान – कैंसर के उपचार में प्रयोग किया जाता है।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. सूर्य की विकिरण-ऊर्जा जिसका परिणाम है, वह है ?

(A) नाभिकीय विखण्डन (B) नाभिकीय संलयन
(C) रासायनिक क्रिया (D) ब्रह्माण्ड-विकिरण

उत्तर- B

व्याख्या: जब दो हल्के नाभिक परस्पर संयुक्त होकर एक भारी तत्व के नाभिक की रचना करते हैं तो इस प्रक्रिया को नाभिकीय संलयन (Nuclear Fusion) कहते हैं।

- सूर्य की विकिरण ऊर्जा नाभिकीय संलयन (Nuclear Fusion) का परिणाम है। इसमें हाइड्रोजन हीलीयम को रूपान्तरित करता है। जिसके परिणामस्वरूप विकिरण ऊर्जा निकलती है।

प्रश्न. जहां विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र स्थित है, वह नगर है ?

(A) बंगलोर (B) कोलकाता
(C) नयी दिल्ली (D) हैदराबाद

उत्तर- C

व्याख्या: विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र – नई दिल्ली में स्थित है।

- विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र दिल्ली को 2018 के इन्दिरा गाँधी शांति निशस्त्रीकरण एवं विकास सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसकी स्थापना 1990 में किया गया।

प्रश्न. वह कौन सा मानव अंग है जिसके रोग ग्रस्त हो जाने पर, डायलेसिस की आवश्यकता पड़ती है?

(A) हृदय (B) वृक्क
(C) यकृत (D) फुफ्फुस

उत्तर- B

व्याख्या: डायलेसिस – कृत्रिम रक्त शोधन विधि है जब वृक्क/गुर्दा (kidney) सही से काम नहीं करता तो डायलेसिस विधि को अपनाया जाता है।

- वृक्क (kidney) सेम के बीच के आकार का भूरे रंग का होता है। प्रत्येक वृक्क में 10 लाख सूक्ष्म लम्बी व कुंडलित नलिकाएं पाई जाती है। जिन्हें नेफ्रान (वृक्काणु) कहते है।
- वृक्क के मुख्यतः दो कार्य होते है- उत्सर्जन तथा परासरण नियमन।
- वृक्क शरीर के उत्सर्जी पदार्थों (यूरिया) को बाहर निकलने का कार्य करता है।
- वृक्क में पथरी (kidney stone) यूरिक एसिड, कैल्शियम आक्सलेट, कैल्शियम फास्फेट के कारण बनता है।

प्रश्न. राष्ट्रीय एड्स शोध संस्थान जहां स्थापित है, वह स्थान कौन सा है?

(A) नयी दिल्ली (B) चेन्नई
(C) हैदराबाद (D) पुणे

उत्तर- D

व्याख्या: राष्ट्रीय एड्स शोध संस्थान – महाराष्ट्र के पुणे में स्थापित है।

- अगरकर शोध संस्थान — पुणे
- राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी — नई दिल्ली
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान — जयपुर
- राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान — चेन्नई
- राष्ट्रीय यूनानी संस्थान — बंगलुरु
- मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान — नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान — पुणे
- राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान — कोलकाता
- राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ — नई दिल्ली
- इंडियन एसोसिएसन फॉर कल्टीवेशन ऑफ साइन्सेज — कोलकाता
- इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐस्ट्रोफिजिक्स — बंगलुरु
- इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ जियो मैगनिटिज्म — मुम्बई
- सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट — लखनऊ
- सेंट्रल लेप्रोसी इंस्टीट्यूट — आगरा

www.examstocks.com
Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

| | |
|---|---|
| • इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगर टेक्नोलोजी | कानपुर |
| • इण्डियन शुगरकेन रिसर्च इन्स्टीट्यूट | लखनऊ |
| • इण्डस्ट्रीयल टाक्सीकोलाजिकल रिसर्च सेन्टर | लखनऊ |
| • सेन्ट्रल इण्डियन मेडिसिनल प्लाण्ट्स आर्गेनाइजेशन | लखनऊ |
| • इण्डियन टाक्सीलाजिकल रिसर्च सेन्टर | लखनऊ |
| • नेशनल शुगर रिसर्च इन्टीट्यूट | कानपुर |
| • बीरबल साहनी इन्स्टीट्यट आफ पैलियोबाटनी | लखनऊ |
| • सेन्ट्रल ड्रग रिसर्च इन्स्टीट्यूट | लखनऊ |
| • नेशनल बाटेनिकल गार्डेन्स | लखनऊ |
| • इण्डियन ग्रासलैण्ड एण्ड फाडर रिसर्च इन्स्टीट्यूट | झांसी |
| • नेशनल ब्यूरो आफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज | इलाहाबाद |
| • बाटेनिकल गार्डन आफ द इण्डियन रिपब्लिक | नोएडा |
| • नेशनल रिसर्च फार मीट | बरेली |
| • मेहता इन्स्टीट्यूट आफ मैथ्स एण्ड फिजिक्स | इलाहाबाद |
| • सेन्ट्रल एवियन रिसर्च इन्स्टीट्यूट | बरेली |

प्रश्न. जिस वर्ष 'क्रिप्स मिशन' भारत में आया, वह था ?

(A) 1928 (B) 1940
(C) 1942 (D) 1945

उत्तर- C

व्याख्या: क्रिप्स मिशन – 23 मार्च 1942, को भारत पहुँचा जिसने कहा कि– नए भारतीय संविधान का निर्माण होने तक भारत की रक्षा का उत्तरदायित्व ब्रिटिश सरकार के हाथों में होगा।

- लेकिन कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग दोनों ने ही क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया तथा इस प्रस्ताव का विरोध किया।
- गाँधीजी ने क्रिप्स मिशन को 'पोस्ट डेटेड चेक' कहा।
- क्रिप्स मिशन की असफलता के बाद अगस्त 1942 को बम्बई अधिवेशन में भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पास हुआ। जिसमे गाँधीजी ने 'करो या मरो' का नारा दिया।

प्रश्न. वह कौन सा वर्ष था जब इंडियन नेशनल कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वाधीनता' को अपना लक्ष्य अंगीकृत किया?

(A) 1919 (B) 1929
(C) 1933 (D) 1945

उत्तर- B

व्याख्या: कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन 1929 में जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में पूर्ण स्वाधीनता की मांग की गई।

- इसी अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करके पूर्ण स्वराज्य को कांग्रेस का लक्ष्य घोषित किया।
- 31 दिसम्बर 1929 को आधी रात के समय रावी नदी के तट पर स्वतंत्रता का प्रतीक तिरंगा फहराया गया तथा 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वाधीनता दिवस मनाया गया।

प्रश्न. किस आंदोलन के चलते रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने "आमार सोनार बांग्ला" नामक गीत की रचना की?

(A) खिलाफत आंदोलन
(B) असहयोग आंदोलन
(C) स्वदेशी आंदोलन
(D) सविनय अवज्ञा आंदोलन

उत्तर- C

व्याख्या: भारत के स्वदेशी आन्दोलन के दौरान गाये गये गीत 'अमार सोनार बांगला' की रचना वर्ष 1906 में बंगभंग के दौरान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने की थी।

- इस गीत की प्रथम 10 पंक्तियों को बांग्लादेश ने अपने राष्ट्रगान के रूप में वर्ष 1972 में अपनाया।
- कर्जन ने 19 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन का निर्णय लिया।
- बंगाल विभाजन के विरोध में स्वदेशी आन्दोलन की शुरुआत हुई।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

- 16 अक्टूबर, 1905 को जब बंगाल विभाजन लागू हो गया उस दिन को शोक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई।

प्रश्न. निम्नलिखित आंदोलनों को पूर्वाधर क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. सविनय अवज्ञा आंदोलन
2. खिलाफत आंदोलन
3. असहयोग आंदोलन
4. भारत छोड़ो आंदोलन

कूट:

(A) 1, 2, 3, 4, (B) 2, 3, 4, 1
(C) 2, 3, 1, 4 (D) 3, 1, 4, 2

उत्तर- C

व्याख्या: राष्ट्रीय आन्दोलन का काल क्रम :-

- खिलाफत आंदोलन – 1919
- असहयोग आंदोलन – 1920
- सविनय अवज्ञा आंदोलन – 1929
- भारत छोड़ो आंदोलन - 1942

प्रश्न. भारत में सर्वाधिक अभ्रक उत्पादक राज्य है :

(A) झारखण्ड (B) कर्नाटक
(C) राजस्थान (D) मध्यप्रदेश

उत्तर- (*)

व्याख्या: वर्तमान में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादन – आन्ध्रप्रदेश में

- राजस्थान में – सीसा, चाँदी का उत्पादन होता है।
- कर्नाटक में कोलार की खान सोने के लिए प्रसिद्ध है।
- अभ्रक एक बहुपयोगी खनिज है, जो आग्नेय एवं कायांतरित चट्टानों में पाया जाता है। कोडरमा वन क्षेत्र में सर्वाधिक अभ्रक की खानें हैं। इसे अभ्रक की राजधानी भी कहा जाता है।
- अभ्रक (कच्चा) उत्पादन (2017) -आंध्र प्रदेश > राजस्थान > झारखण्ड
- अभ्रक शीट उत्पादन (विश्व) – भारत प्रथम स्थान पर
- अभ्रक उत्पादन (विश्व) – चीन प्रथम

**<u>चाँदी (वर्ष 2017)</u>**

- भंडार –राजस्थान > झारखंड > आन्ध्र प्रदेश
- उत्पादन – राजस्थान > कर्नाटक
- भंडार – पेरू > ऑस्ट्रेलिया/पोलैंड > रूस
- उत्पादन – मेक्सिको > पेरू > चीन

प्रश्न. जिन राज्यों में हो कर गोदावरी नदी बहती है, वे हैं ?

(A) महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश
(B) महाराष्ट्र, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश
(C) महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
(D) महाराष्ट्र, कर्नाटक, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश

उत्तर- D

व्याख्या: गोदावरी नदी का उद्गम प. घाट के त्रंयम्बक पहाड़ी से हुआ है। यह प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लम्बी नदी है।

- यह नदी महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश से होकर बहती है। इन प्रदेशों में गोदावरी नदी के जल विवाद भी है।
- इंद्रावती, प्राणहिता, पूर्णा, प्रवरा, मूला, दूधना, और सबरी तथा मंजार इसकी प्रमुख सहायक नदियां हैं।
- इसकी कुल लंबाई लगभग 258 किमी है तथा यह भारत की सबसे दक्षिणी मुख्य नदी है। यह नदी पाक जलसंधि में गिरती है।
- विश्व की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना 'कालेश्वर बहुउद्देशीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना' तेलंगाना राज्य में लागू की गयी है। यह परियोजना तेलंगाना राज्य के गोदावरी नदी पर निर्मित है।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. माता टीला बांध जिस राज्य में स्थित है, वह है ?

(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

उत्तर- C

व्याख्या: माताटीला बांध उत्तर प्रदेश में बेतवा नदी पर स्थित है। माता टीला बांध की स्थापना 1958 में मध्यप्रदेश सरकार की सहायता हुआ। इस बांध से झांसी, जालौन, हमीरपुर, ग्वालियर जिले लाभांवित होते है।

| परियोजना का नाम | नदी | लाभान्वित राज्य |
|---|---|---|
| रिहंद परियोजना | रिहंद नदी | उत्तर प्रदेश |
| माताटीला परियोजना | बेतवा नदी | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश |
| बाणसागर परियोजना | सोन नदी | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश |
| रामगंगा परियोजना | रामगंगा नदी | उत्तर प्रदेश |
| शारदा परियोजना | शारदा नदी, गोमती नदी | उत्तर प्रदेश |

प्रश्न. कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान का निकटतम रेल-स्टेशन कौन सा है ?

(A) काशीपुर (B) कोटद्वार
(C) रूद्रपुर (D) रामनगर

उत्तर- D

व्याख्या: जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। यह उत्तराखण्ड में स्थित है। इस उद्यान के निकटतम स्टेशन रामनगर है। और जिमकार्बेट में ही रेलेव लाइन समाप्त हो जाती है।

प्रश्न. निम्नलिखित पत्तनों में कौन भारत के लौह-अयस्क का सर्वाधिक निर्यात करता है?

(A) कोच्ची (B) चेन्नई
(C) मार्मुगोवा (D) पाराद्वीप

उत्तर- C

व्याख्या: मार्मुगोवा बंदरगाह द. गोवा में स्थित है। मार्मुगोवा बंदरगाह भारत में लौह अयस्क निर्यात करने वाला प्रमुख बन्दरगाह माना जाता है।

- चेन्नई बन्दरगाह भारत का दूसरा सबसे बड़ा कृत्रिम बंदरगाह है।
- एन्नौर – देश का सबसे बड़ा कंप्यूटराइज्ड एवं निगमित बंदरगाह
- कोच्ची – केरल के बेम्बनाद झील पर अवस्थित है।
- कांडला – कच्छ की खाड़ी में स्थित ज्वारीय बंदरगाह है।
- स्वतंत्रता के बाद विकसित किया गया पहला पत्तन कांडला था। 4 अक्टूबर, 2017 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कांडला बंदरगाह का नाम परिवर्तित कर 'दीनदयाल बंदरगाह' किए जाने को मंजूरी प्रदान की गई।
- विशाखापत्तनम – प्राकृतिक तथा सबसे गहरा बंदरगाह है।
- हल्दिया, हुगली नदी के मुहाने पर स्थित पश्चिम बंगाल का एक भूपरिबद्ध बंदरगाह है।
- विशाखापट्टनम (आन्ध्र प्रदेश) एन्नौर (चेन्नई) तथा मुम्बई (महाराष्ट्र) खुले सागरीय बन्दरगाह है।
- मंगलुरु (कर्नाटक) में भारत का सबसे पहला तट-आधारित, आधुनिक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित है।
- कोच्चिन शिपयार्ड में देश के सबसे बड़े शुष्क डॉक (बंदरगाह) का शिलान्यास किया।
- भारत के पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाह हैं- (1) दीनदयाल पोर्ट (कांडला, गुजरात), (2) मुंबई पोर्ट (महाराष्ट्र), (3) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा, महाराष्ट्र), (4) मर्मुगाओ (गोवा), (5) न्यू मंगलौर (कर्नाटक) एवं (6) कोच्चि (केरल)।
- भारत के पूर्वी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों में हैं- कोलकाता (प. बंगाल), (2) पारादीप (ओडिशा), (3) विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश), (4) एन्नौर (तमिलनाडु), (5) चेन्नई (तमिलनाडु) एवं (6) तूतीकोरिन (तमिलनाडु)।

प्रश्न. निम्नलिखित में किसका अंशदान भारत के घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक रहता है?

(A) कृषि एवं आनुषंगिक क्रियाएं
(B) विनिर्माण उद्योग
(C) बिजली, गैस और जल-आपूर्ति

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

www.examstocks.c

(D) सेवाएं

उत्तर- D

व्याख्या: घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है।

**बजट 2019-20 के अनुसार –**

- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र – 16.1%
- उद्योग क्षेत्र – 29.6%
- सेवा – 54.3%

प्रश्न. नवरत्न का तात्पर्य है

(A) वे नौ बूटियां जिनसे हर्बल फ्यूएल बनता है

(B) नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी के नौ राज्य

(C) सार्वजनिक क्षेत्र के ये नौ उद्योग जिन्हें पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की गई है

(D) साफ्टवेयर इक्विपमेंट के नौ घटक

उत्तर- C

व्याख्या: नवरत्न का तात्पर्य – सार्वजनिक क्षेत्र के वे उद्योग जिन्हें पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की गई है।

- वर्तमान में नवरत्नों की संख्या 14 हो गई है।
- 2 नवरत्न हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड तथा पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया को 2019 में महारत्न का दर्जा दिया है।
- इसके बाद महारत्न कंपनियों की कुल संख्या 10 हो गई है।
- 'महारत्न' केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम एक परियोजना में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकते हैं।
- अतः वर्तमान में भारत में 10 महारत्न कम्पनियाँ, 14 नवरत्न कम्पनियाँ हैं और 73 मिनीरत्न कंपनियां हैं.

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. प्रधान लौंग उत्पादक राज्य हैं?

(A) कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल
(B) केरल, असम और पश्चिम बंगाल
(C) कर्नाटक, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश
(D) हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश

उत्तर- A

व्याख्या: प्रधान लौंग उत्पादक राज्य – कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल हैं.

**शीर्ष उत्पादक राज्य-**

- काली मिर्च केरल
- लौंग तमिलनाडू
- इलायची केरल
- सुपारी कर्नाटक
- जीरा गुजरात

- सुगंधित एवं औषधीय पादप उत्पादन-राजस्थान > तमिलनाडू > मध्य प्रदेश
- सर्वाधिक मसाला क्षेत्रफल- राजस्थान > गुजरात > मध्य प्रदेश
- मसालों का उत्पादन- मध्य प्रदेश > राजस्थान > आंध्र प्रदेश
- मसाला निर्यात (मूल्य की दृष्टि से) (2017-18) USA > वियतनाम > चीन
- मसाला निर्यात (मदें) – मूल्य दृष्टि से (2017-18) मिर्च > पुदीना > जीरा
- विश्व में सबसे ज्यादा लौंग का उत्पादन जंजीबार द्वीप समूह (हिन्द महासागर में पूर्वी अफ्रीका के यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया का एक अर्द्ध-स्वायत्त हिस्सा) पर होता है।

प्रश्न. शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं?

(A) चीन, रूस, उत्तर कोरिया, कज़ाकस्तान, ताजिकस्तान और उज़बेकिस्तान
(B) चीन, रूस, दक्षिण कोरिया, जापान, कज़ाकस्तान और उज़बेकिस्तान
(C) चीन, रूस, जापान, किरगीज़स्तान और ताजिकस्तान
(D) चीन, रूस, कज़ाकस्तान, किरगीज़स्तान, ताजिकस्तान और उज़बेकिस्तान

उत्तर- C

व्याख्या: शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना 2001 बीजिंग में हुई।

- 2019 में शंघाई सहयोग संगठन का शिखर सम्मेलन किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हुआ।
- 2020 शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस में प्रस्तावित है।
- इसका मुख्यालय बीजिंग, चीन में है।
- वर्तमान में राशिद अलीमोव एससीओ के महासचिव हैं।
- वर्ष 2001 में SCO की स्थापना से पूर्व कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस और ताजिकिस्तान 'शंघाई-5' नामक संगठन के सदस्य थे।
- वर्ष 2001 में उज़्बेकिस्तान के संगठन में प्रवेश के बाद 'शंघाई-5' को SCO नाम दिया गया।
- वर्ष 2017 में भारत तथा पाकिस्तान को इसके सदस्य का दर्जा मिला।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों में कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।
- अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया SCO के पर्यवेक्षक देशों में शामिल हैं।

प्रश्न. 'फिलास्फी ऑफ बाम्ब' नामक विवरणिका के लेखक थे?

(A) भगत सिंह (B) राम प्रसाद बिस्मिल
(C) भगवती चरण वोहरा (D) श्यामजी कृष्ण वर्मा

उत्तर- C

व्याख्या: फिलास्फी ऑफ बाम्ब – भगवती चरण वोहरा

- भवानी मंदिर – वरीन्द्र कुमार घोष
- संजीवनी – कृष्ण कुमार मित्र

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

- व्हाई सोशलिज्म – जयप्रकाश नारायण
- भारत माता – अजीत सिंह
- काल – पंराजेय
- इण्डियन सोशियोलाजिस्ट – श्यामजी कृष्ण वर्मा

प्रश्न. खिलाफत आंदोलन के साथ और कौन सा आंदोलन आरम्भ किया गया था?

(A) स्वदेशी आंदोलन (B) होम रुल आंदोलन
(C) सविनय अवज्ञा आंदोलन (D) असहयोग आंदोलन

उत्तर- D

व्याख्या: खिलाफत आंदोलन भारत में मुख्यतः मुसलमानों द्वारा चलाया गया आंदोलन था, जो कि ब्रिटिश सरकार द्वारा तुर्की के खलीफा के विरुद्ध किए गए दुर्व्यवहार का परिणाम था।

- खिलाफत आंदोलन 1919 में मुस्लिम लीग तथा कांग्रेसी नेताओं ने अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन शुरु किया।
- इसी के साथ 1920 में असहयोग आंदोलन शुरु हुआ इस दौरान अंग्रेजी शासन का बहिष्कार किया गया खादी-चरखे का प्रचार प्रसार किया गया। विदेशी कपड़े जलाये गये।
- असहयोग आंदोलन (1920) का नेतृत्व स्वंय गाधी जी ने किया था।
- 5 फरवरी 1922 को असहयोग आंदोलन में भाग ले रहे प्रदर्शनकारियों ने चौरी चौरा (गोरखपुर) की पुलिस चौकी पर हमला कर दिया और आग लगा दी, जिससे चौकी में उपस्थित सभी लोग मारे गए। 12 फरवरी 1922 को कांग्रेस के नेताओं की बारदोली में बैठक हुई और गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।
- 'बारदोली प्रस्ताव' द्वारा असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया।

प्रश्न. संन्यासी विद्रोह भड़कने का स्थल था ?

(A) अवध (B) बंगाल
(C) हरियाणा (D) पंजाब

उत्तर- B

व्याख्या: संन्यासी विद्रोह (1763-1800) – मजनून शाह के नेतृत्व में बंगाल के किसानों ने राजाओं तथा जमीदारों का विरोध किया। इस विद्रोह का उल्लेख आनन्दमठ में भी मिलता है।

- कूका विद्रोह (पंजाब) – (1840-72) में भगत जवाहर मल एवं राम सिंह कूका के नेतृत्व में शुरु हुआ।
- चुआर विद्रोह – (1766-1816) बंगाल, बिहार क्षेत्र में जगन्नाथ ने सूखा तथा भू-राजस्व की वृद्धि के विरोध में शुरु किया।

प्रश्न. मुण्डा बगावत का नेता कौन था?

(A) बिरसा (B) कान्हू
(C) तिलका मांझी (D) सीदो

उत्तर- A

व्याख्या: मुण्डा विद्रोह (1893-1900) - बिरसा मुण्डा ने आदिवासियों के साथ मुण्डा आन्दोलन शुरु किया। ये राजनीतिक तथा धार्मिक आंदोलन था।

- संथाल विद्रोह – सिद्दू और कान्हू के नेतृत्व में राजमल पहाड़ियों के बीच 1855 में शुरु किया गया।
- खासी विद्रोह – तीरथ सिंह ने जंयतिया पहाड़ी में 1830 में अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन का नेतृत्व किया।

प्रश्न. इंडियन नेशनल कांग्रेस के किस स्थान पर आयोजित अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने घोषणा की थी "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, मै उसे प्राप्त करके रहूँगा" ?

(A) बनारस (1905) (B) कलकत्ता (1906)
(C) सूरत (1907) (D) लखनऊ (1916)

उत्तर- D

व्याख्या: "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे प्राप्त करके रहूँगा" इसे बाल गंगाधर तिलक ने 1916 के कांग्रेस अधिवेशन (अध्यक्ष-अम्बिका चरण मजूमदार) में कहा था।

- 1916 में तिलक तथा ऐनी बेसेन्ट में आयरलैण्ड की तर्ज पर राष्ट्रीय आंदोलन को जीवन प्रदान करने के लिए होमरुल आंदोलन चलाने का निर्णय लिया तथा होमरुल लीग की स्थापना की।
- तिलक मानते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य का भारतीय जनता के प्रति उत्तरदायी शासन होना चाहिए नौकरशाही नहीं।

**Downloaded from www.examstocks.com**
**Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks**

- 1916 में लखनऊ में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। जिसे लखनऊ पैक्ट के रूप में जाना जाता है।

प्रश्न. बंगाल को विभाजित करने में लार्ड कर्जन का वास्तविक उद्देश्य था :

(A) मुस्लिम-बहुल एक प्रान्त की सृष्टि
(B) पूर्वी बंगाल के आर्थिक विकास में सहायता
(C) बंगाल में राष्ट्रीयता में जुड़ी शक्तियों का निर्बलीकरण
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

उत्तर- C

व्याख्या: बंगाल विभाजन करने में लार्ड कर्जन का मुख्य उद्देश्य संयुक्त बंगाल की शक्ति को विभाजित करना था। बंगाल में बिहार, उड़ीसा तथा बांग्लादेश शामिल थे तथा उनमें प्रबल राजनीतिक जागृति थी जो 1905 बंगाल विभाजन के रूप में सामने आयी। जिसे दबाने के लिए हिन्दु मुस्लिम बहुलता वाले क्षेत्र को बाटकर आपस में लड़ाने की नीति अपनाई।

प्रश्न. सन 1939 में निम्नलिखित में से कौन व्यक्ति ऑल इंडिया स्टेट्स पीपल्स कान्फ्रेंस का अध्यक्ष था?

(A) जय प्रकाश नारायण
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) शेख अब्दुल्ला
(D) सरदार वल्लभ भाई पटेल

उत्तर- B

व्याख्या: ऑल इण्डिया स्टेट्स पीपल्स कान्फ्रेंस की स्थापना 1927 में राजनीतिक गतिविधियों के सामंजस्य बिठाने हेतु किया गया था।

- 1939 में स्टेट्स पीपल्स कांफ्रेंस का अधिवेशन लुधियाना में हुआ जिसकी अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की।

प्रश्न. निम्नांकित में वह कौन सा व्यक्ति था, जिसने वर्ष 1931 में गुर-बायूर मंदिर (गुरू वायुर सत्याग्रह) में अछूतों के प्रवेश संबंधी प्रमाण का नेतृत्व किया?

(A) के. पी. कैशव मेनन
(B) सी. राजगोपालचारी
(C) ई. एम. एस. नम्बूदरीपाद
(D) पी. एस. तिरुमांबु

उत्तर- (*)

व्याख्या: 1931 में केरल के प्रसिद्ध मंदिर में दलितों और पिछड़ों को प्रवेश दिलाने के लिए के. केलप्पण आमरण अनशन पर बैठ गये तथा उन्होंने घोषणा की, कि जब तक मंदिर के दरवाजे दलितों के लिए नहीं खुलते तब तक अपना आमरण अनशन समाप्त नहीं करेगें।

प्रश्न. गुप्त अभिलेखों में 'दीनार' जिसका वाचक है, वह है ?

(A) स्वर्ण सिक्का (B) रजत सिक्का
(C) ताम्र सिक्का (D) कांस्य सिक्का

उत्तर- A

व्याख्या: गुप्त अभिलेख में 'दीनार' स्वर्ण सिक्के को कहा गया है। गुप्त शासकों ने सर्वाधिक स्वर्ण मुद्राएं जारी की थी।

- चाँदी के सिक्कों को रुप्यका कहा जाता था।
- सिक्कों के अध्ययन को 'न्यूमिस्मेटिक्स' कहा जाता है।
- भारतीय मुद्राशास्त्र के जनक जेम्स प्रिंसेप थे।
- सर्वप्रथम सिक्कों पर लेख लिखवाने का कार्य हिन्द यवन शासकों ने किया। इन्होनें ही सर्वप्रथम सोने के सिक्के चलाए।
- इनमें मिनाण्डर ने सर्वप्रथम सोने के सिक्कों की शुरुआत की।
- सर्वाधिक मात्रा में सीसे के सिक्के सातवाहनों द्वारा चलाए गए।
- कुषाण वंश के शासक कुजुल कडफिसेस ने तांबे के सिक्के चलाए।
- कुषाणों मे विम कडफिसस ने सर्वप्रथम सोने के सिक्कों का प्रवर्तन किया।
- मोहम्मद गोरी के सिक्कों पर एक ओर कलमा तथा दूसरी ओर लक्ष्मी जी की आकृति अंकित मिलती है।

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. सम्राट हर्षवर्द्धन ने जिस स्थान पर राजधानी स्थापित की, वह था ?

(A) पाटलिपुत्र (B) कन्नौज

(C) दिल्ली (D) अयोध्या

उत्तर- B

व्याख्या: हर्षवर्धन शुंग वंश का प्रतापी राजा था। हर्ष 606 ई. में थानेश्वर की गद्दी पर बैठा तथा बाद में अपनी राजधानी कन्नौज में स्थापित की।

- हर्ष के बारे जानकारी – बासखेड़ा अभिलेख, बाणभट्ट रचित 'हर्षचरित' तथा ह्वेनसांग रचित "सी-यू-की" से मिलती है।

प्रश्न. निम्नांकित शासकों में आगरा को जिसने राजधानी बनाया, वह था ?

(A) अलाउद्दीन खिल्जी (B) सिकंदर लोदी

(C) मुबारकशाह खिल्जी (D) बहलोल लोदी

उत्तर- B

व्याख्या: सिकन्दर लोदी ने आगरा शहर की स्थापना की तथा 1506 में आगरा को राजधानी बनाया।

- सिकन्दर लोदी ने भूमि की माप करवाई जिसकी ईकाई गज-ए-सिकन्दरी थी।
- सिकन्दर लोदी ने गुलरुखी उपनाम से कविताएं लिखता था।
- उसके आदेश पर आयुर्वेद ग्रंथ का फारसी अनुवाद 'फरहंगे सिकंदरी' नाम से किया गया।

प्रश्न. जिस व्यक्ति ने कहा था "हिनोज दिल्ली दूरस्त" (अभी दिल्ली दूर है), वह थे ?

(A) अमीर खुसरो (B) निजामउद्दीन औलिया

(C) फिरोज तुगलक (D) शेख सलीम चिश्ती

उत्तर- B

व्याख्या: निजामउद्दीन औलिया बाबा फरीद के शिष्य थे। इन्होंने दिल्ली के 7 सुल्तानों का कार्यकाल देखा।

- इन्हें महबूब-ए-इलाही की उपाधि मिली थी।
- निजामुद्दीन औलिया ने ही कहा था "हिनोज दिल्ली दूरस्त".
- अमीर खुसरो इनके शिष्य थे।

प्रश्न. निम्नांकित चित्रकारों में जहांगीर ने जिसे 'नादिर-उज-जमां" की पदवी प्रदान की, वह थे ?

(A) अबुल हसन (B) बिशनदास

(C) अब्दुस समद (D) उस्ताद मंसूर

उत्तर- A

व्याख्या: प्रसिद्ध चित्रकार अबुल हसन को जहाँगीर ने "नादिर-उज-जमां" की उपाधि प्रदान की थी, तथा उस्ताद मंसूर को 'नादिर-उल-अस्त्र' की उपाधि दी थी।

- जहाँगीर के दरबार के सुप्रसिद्ध चित्रकारों में अबुल हसन, उस्ताद मंसूर, बिसनदास प्रमुख थे।
- जहाँगीर का काल मुगल चित्रकला के चरमोत्कर्ष का काल था जहाँगीर ने हेरात के एक प्रसिद्ध चित्रकार आकारिजा के नेतृत्व में आगरा में एक चित्रणशाला की स्थापना की।
- अब्दुस समद अकबर के दरबार के प्रमुख चित्रकार थे इन्हें 'शीरी कलम' की उपाधि प्रदान की थी।

प्रश्न. निम्नलिखित शासकों में जिसने एक सिक्ख गुरू का सर कलम करवाया, वह था ?

(A) अकबर (B) जहांगीर

(C) शाहजहां (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: जहाँगीर ने सिक्ख गुरु अर्जुनदेव का सर कलम करवा दिया था क्योंकि गुरु अर्जुन देव ने जहांगीर के पुत्र खुसरो के विद्रोह में उसकी मदद की थी।

- पाँचवे गुरु अर्जुन देव ने सिक्खों के धर्मग्रन्थ आदिग्रंथ का संकलन पूरा किया था।
- औरंगजेब ने 1675 में सिक्खों के 9वें गुरु तेगबहादुर की हत्या दिल्ली में करवा दी थी।

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. निम्नांकित में जिन्होंने वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का निरसन किया, वह थे ?

- (A) लार्ड डफरिन (B) लार्ड रिपन
- (C) लार्ड कर्जन (D) लार्ड हार्डिंग्स

उत्तर- B

व्याख्या: लार्ड रिपन ने वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट को समाप्त किया था, जिसे लार्ड लिटन ने 1878 में समाचार पत्रों को प्रतिबन्धित करने के लिए लाया था।

- 1857 के विद्रोह के बाद स्वदेशी समाचार पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई। भारतीय भाषा के समाचार पत्रों पर नियंत्रण लाने के लिए वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट लाया गया।
- भारत में "सत्ता का विकेंद्रीकरण" स्थानीय स्वशासन की स्थापना के बाद ही संभव हुआ था जिसमे लार्ड रिपन का अहम् योगदान है और इसी कारण रिपन को भारत में "स्थानीय स्वशासन का जनक" भी कहा जाता है.

प्रश्न. भारत में जिससे मुद्रास्फीति मापी जाती है, वह है?

- फुटकर मूल्य सूचकांक
- थोक मूल्य सूचकांक
- कृषि कार्मिकों के हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
- औद्योगिक कर्मियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

उत्तर- B

व्याख्या: भारत में मुद्रास्फीति के मापक के रुप में थोक मूल्य सूचकांक (WPI- Wholesale Price Index) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI- Consumer Price Index) का प्रयोग किया जाता है।

- मुद्रास्फीति (inflation) वह स्थिति है जिसमें वस्तुओं के मूल्य बढ़ते हैं तथा मुद्रा का मूल्य गिरता है।
- थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का संकलन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग में आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा मासिक स्तर पर होता है।
- पहले WPI का आधार वर्ष 1993-94 था किन्तु वर्तमान में इसका आधार वर्ष 2011-12 है। नए सूचकांक मे 1224 वस्तुओं के मूल्यों का समावेश किया गया है।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) लोगों के प्रतिदिन उपभोग में लाई जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में होने वाले परिवर्तन को मापता है।
- वर्तमान में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का आधार वर्ष 2012 है. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा इस आधार वर्ष को जनवरी 2017 में 2010 से बदलकर 2012 कर दिया गया था.

प्रश्न. संघ के बजट में राजस्व व्यय की सबसे बड़ी मद प्रायः होती है ?


- (A) रक्षा व्यय (B) मुख्य उपदान
- (C) ब्याज की अदायगी (D) राज्यों को अनुदान

उत्तर- D

व्याख्या: 2019-20 बजट के अनुसार– राजस्व व्यय की सबसे बड़ा हिस्सा राज्यों के अनुदान (23%) है।

- राज्य का हिस्सा – 23%
- ब्याज अदायगी – 18%
- केन्द्रीय क्षेत्र की योजना – 13%
- रक्षा – 9%

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks




प्रश्न. निम्नलिखित राज्यों में किसकी सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है?

(A) मेघालय (B) त्रिपुरा

(C) मणिपुर (D) मिज़ोरम

उत्तर- C

व्याख्या: बांग्लादेश से लगने वाली सीमा– मेघालय, त्रिपुरा, मिज़ोरम, असम, अरूणाचल प्रदेश, पं बंगाल

- म्यांमार से लगने वाली सीमा –
  - ✓ नागालैण्ड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपर, मिज़ोरम
- पाकिस्तान से लगने वाली सीमा –
  - ✓ गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख
- अफगानिस्तान से – लद्दाख
- भूटान से – असम, सिक्किम, पं. बंगाल, अरूणाचल प्रदेश

प्रश्न. हड़प्पा संस्कृति की उत्तरी सीमा का निर्धारण करती है ?

(A) राखीगढ़ी

(B) माण्डा

(C) रोपड़

(D) हड़प्पा

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

उत्तर- B

व्याख्या: हड़प्पा सभ्यता सीमा विस्तार -

- उत्तर में माण्डा (जम्मू के चिनाब नदी पर)
- दक्षिण में दैमाबाद (गोदावरी नदी-महाराष्ट्र)
- पूरब में आलमगीरपुर (हिण्डन नदी-उत्तर प्रदेश)
- पश्चिम में सुत्कागेंडोर (दाश्क नदी- दक्षिण बलूचिस्तान)

प्रश्न. पवित्र गायत्री मंत्र जिस ग्रन्थ में अंतर्विष्ट है, वह है?

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद

(C) अथर्ववेद (D) सामवेद

उत्तर- A

व्याख्या: पवित्र गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में है, जो कि सूर्य देवता को समर्पित है।

- ऋग्वेद के चतुर्थ मंडल में कृषि का उल्लेख है।
- ऋग्वेद का पुरोहित होतृ कहलाता था।
- ऋग्वेद, यजुर्वेद, तथा सामवेद को वेदत्रयी या त्रयी कहा जाता है।
- 9वें मण्डल में सोम देवता का उल्लेख है।
- 10वें मण्डल में चातुर्वर्ण्य व्यवस्था का उल्लेख है।
- ऋग्वेद के ब्राह्मण- ऐतरेय ब्राह्मण, शांखायन या कौषीतकि ब्राह्मण
- ऋग्वैदिक काल में गाय को सर्वाधिक मूल्यवान सम्पत्ति के रुप में समझा जाता था। ऋग्वेद में गाय शब्द का 176 बार उल्लेख हुआ है। गाय को अघन्या, अष्टकर्णी आदि नामों से पुकारा जाता था।

प्रश्न. भारत के संविधान में जिसकी संस्तुति पर मूल कर्त्तव्यों को जोड़ा गया, वह थी/था?

(A) बलवंतराय मेहता समिति (B) आयंगर समिति

(C) स्वर्ण सिंह (D) ठक्कर आयोग

उत्तर- C

व्याख्या: स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुति पर 42वें संविधान संशोधन, 1976 में मूल कर्तव्यों को संविधान के भाग 4 क के अनुच्छेद 51क में प्रावधान किया गया। मूल कर्तव्यों को सोवियत संघ रुस के संविधान से अपनाया गया। मौलिक कर्तव्यों की कुल की संख्या 11 है।

मौलिक कर्तव्य (Fundamental Duties)

1. प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करे।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे।
4. देश की रक्षा करे।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका निर्माण करे।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे।
11. माता-पिता या संरक्षक द्वार 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन)।

प्रश्न. पंचायतों में अध्यक्ष-पद के लिए आरक्षण का आधार है ?

(A) लिंग और धर्म

(B) धर्म और जाति

(C) जाति और आयु

(D) लिंग और जाति

उत्तर- D

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

व्याख्या: पंचायतों में अध्यक्ष-पद के लिए आरक्षण लिंग और जाति के आधार पर निर्धारित है।

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 40 राज्य को ग्राम पंचायत को संगठित करने का निर्देश देता है।
- 73वें संविधान संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 243 में ग्राम पंचायत का गठन किया गया।
- ग्राम पंचायत के चुनाव में महिलाओं को 1/3 सीट आरक्षित किए गए है।
- प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रश्न. 'माई कन्ट्री माई लाइफ' नामक पुस्तक के लेखक हैं ?

(A) अटल बिहारी वाजपेयी
(B) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(C) लाल कृष्ण आडवानी
(D) जार्ज फर्नेन्डीज

उत्तर- C

व्याख्या: 'माई कन्ट्री माई लाइफ' – लाल कृष्ण आडवानी

- मन की बात: रेडियो पर एक सामाजिक क्रांति - राजेश जैन
- गंगा आह्वान : द एपिक टेल ऑफ ए हिस्टोरिक स्विम - अरूण जेटली
- राज टु स्वराज पुस्तक - रामचन्द्र प्रधान
- द आर्ट ऑफ द डील - डोनाल्ड ट्रम्प
- पाथवेज टू ग्रेटनैस – डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
- गाँधी इन चंपारण - दीनानाथ गोपाल तेंदुलकर
- कलेक्टिव चॉइस एण्ड सोशल वेलफेयर - अमर्त्य सेन
- द अनटोल्ड बाजपेयी: पॉलिटीशियन एंड पैराडॉक्स - उल्लेख एनपी
- ऐस एगेंस्ट ऑड्स - सानिया मिर्जा
- लाइफ ऑन माय टर्म्स - शरद पवार
- व्हाट हैप्पण्ड टू नेताजी - अनुज धर
- Lessons Life Taught Me Unknowingly: आत्मकथा – अनुपम खेर
- ए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेम्बर – नौसेना के पूर्व एडमिरल सुशील कुमार
- The New Delhi Conspiracy – मिनाक्षी लेखी एवं क्रष्ण माथुर
- सबका साथ – सबका विकास– विजय प्रताप सिंह

प्रश्न. हृदय कब विश्राम करता है?

(A) कभी नहीं
(B) निद्रावस्था में
(C) आराम कि स्थिति में
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

उत्तर- D

व्याख्या: हृदय सदैव दो धड़कनों के बीच विश्राम करती है।

- इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफ (ECG) से हृदय की धड़कनों को मापते है।
- स्टेथोस्कोप → हृदय व् फेफड़े की गति के अध्ययन हेतु
- कार्डियोलॉजी→ हृदय की रचना तथा रुधिर कार्यविधि का अध्ययन
- विश्राम की अवस्था में वयस्कों के हृदय की धड़कन 60-80 धड़कन/मिनट होती है।

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी 300 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा में गोता लगा सकता है ?

(A) किंगफिशर
(B) गोल्डेन ईगल
(C) बतासी
(D) प्रेगरिन फाल्कन

उत्तर- D

व्याख्या: प्रेगरिन फाल्कन – 300 किमी/घण्टा की रफ्तार से हवा में तेजी से गोता लगा सकते है।

- गोल्डन ईगल – 241 किमी/घ. की रफ्तार से उड़ने की क्षमता रखता है।
- गिर फाल्कन – 130 किमी/घ. की रफ्तार से अपने शिकार को लेकर उड़ सकता है।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks

प्रश्न. विकिरण चिकित्सा में कोबाल्ट-60 को इसलिए प्रयुक्त किया जाता है, क्योंकि उसके विशिष्ट गुण के कारण उत्सर्जित होती हैं ?

(A) अल्फा किरणें
(B) बीटा किरणें
(C) एक्स किरणें
(D) गामा किरणें

उत्तर- D

व्याख्या: कोबाल्ट-60 कोबाल्ट का सिथेंटिक रेडियोधर्मी आइसोटोप है। कोबाल्ट पर न्यूट्रॉनों की बमबारी के फलस्वरूप गामा किरणें उत्सर्जित होती हैं। जो विकिरण चिकित्सा में प्रयुक्त होती हैं। कोबाल्ट-60 का प्रयोग कैंसर बिमारी के उपचार में किया जाता है।

- आर्सेनिक 74- ट्यूमर की पहचान,
- आयोडीन-131 थॉयराइड ग्रंथि सक्रियता,
- फॉस्फोरस-32- रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया) की रोकथाम के लिए
- सोडियम-24 रक्त व्यतिक्रम, निदान के लिए प्रयुक्त होने वाले समस्थानिक हैं।
- गोल्ड 198 सोने का रेडियोएक्टिव आइसोटोप, जो कैंसर उपचार के लिए प्रयुक्त होता है।
- रेडियोएक्टिव सोडियम (Na24) के द्वारा शरीर में रक्त प्रवाह का वेग पाया जाता है।
- आयोडीन-131 का उपयोग थॉयराइड ग्रंथि की क्रियाशीलता ज्ञात करने में किया जाता है।
- रेडियोएक्टिव फास्फोरस का उपयोग अस्थिरोगों के इलाज में किया जाता है।
- रेडियोऐक्टिव लोहे का उपयोग ऐनीमिया (अरक्तता) रोग को ज्ञात करने में किया जाता है।

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों में कौन एक सही नहीं है?

- व्यक्ति भारतीय रिजर्व बैंक में अपने खाते खोल सकते हैं।
- व्यक्ति क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में अपने खाते खोल सकते हैं।
- व्यक्ति राष्ट्रीयकृत व्यावसायिक बैंकों में अपने खाते खोल सकते हैं।
- व्यक्ति निजी बैंकों में अपने खाते खोल सकते हैं।

उत्तर- A

व्याख्या: भारतीय रिजर्व बैंक के कार्य :-

- बैंकों के बैंक के रूप में कार्य करता है, बैंकों की साख पर नियन्त्रण रखता है।
- 1 रुपये के सिक्के तथा नोट को छोड़कर सभी मूल्यवर्ग के नोटों के निर्गमन का अधिकार रखता है।
- सरकार के बैंकर के रूप में राज्यों से धन प्राप्त करना तथा धन का भुगतान करना हैं।
- आर. बी. आई में व्यक्ति अपने खाते नहीं खोल सकता है।

प्रश्न. निम्नलिखित में किस प्रस्ताव का प्रासंगिक सम्बन्ध संघीय बजट से है ?

(A) निन्दा प्रस्ताव (B) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
(C) कटौती प्रस्ताव (D) स्थगन प्रस्ताव

उत्तर- C

व्याख्या: कटौती प्रस्ताव – बजट पारित होने के दौरान संसद सदस्य अनुदान की मांगो पर कटौती प्रस्ताव भी ला सकते हैं। इस प्रकार के प्रस्ताव को कटौती प्रस्ताव कहा जाता है।

निन्दा प्रस्ताव – मंत्रि या मंत्रि परिषद समूह की नीतियों के प्रति असहमति के लिए लाया जाता है।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव – किसी लोक महत्व के विषय पर बोलने के लिए अध्यक्ष या सभापति की अग्रिम अनुमति के ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लाया जाता है।

स्थगन प्रस्ताव – किसी लोक महत्व के मामले पर तुरन्त पर्चा के लिए नियमित कार्यवाही को स्थागित कराने के लिए ये प्रस्ताव लाया जाता है।

www.examstocks.com

Downloaded from www.examstocks.com
Join Us On Telegram - https://t.me/examstocks